बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) एवं पेटेंट तथा डिज़ाइन फाइलिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन द आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, रायपुर में संपन्न

कुम्हारी। आई सी एफ ए आई विश्वविद्यालय रायपुर के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय तथा अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ द्वारा, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सहयोग से, जीआरएनआईआईपीएम (वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार) के साथ संयुक्त रूप से -बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) एवं पेटेंट तथा डिज़ाइन फाइलिंग- विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वक्ता डॉ. भारत एन. सूर्यवंशी, सहायक नियंत्रक, पेटेंट एवं डिज़ाइन, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार ने बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) एवं पेटेंट तथा डिज़ाइन फाइलिंग के संबंध में अपने विचार, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्रख्यात प्राध्यापकगण, शोधार्थी, स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के सम्मुख रखते हुए मूलभूत सिद्धांत, पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट एवं डिज़ाइन जैसे आईपीआर के विभिन्न प्रकारों का परिचय तथा शैक्षणिक एवं औद्योगिक क्षेत्रों में उनकी उपयोगिता। पेटेंट जागरूकता एवं फाइलिंग प्रक्रिया, पेटेंट योग्यताओं की समझ, पूर्व कला खोज तथा भारत एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेटेंट फाइलिंग की चरणबद्ध प्रक्रिया, ट्रेडमार्क एवं ब्रांड संरक्षण तथा स्टार्टअप एवं संस्थानों के लिए ट्रेडमार्क का महत्व, पंजीकरण प्रक्रिया एवं ब्रांड संरक्षण की रणनीतियों पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया। इस प्रकार दो सत्र में आयोजित कार्यक्रम के दूसरे सत्र में आईपीआर के कानूनी पहलू एवं प्रवर्तन उल्लंघन, कानूनी उपचार, लाइसेंसिंग एवं बौद्धिक संपदा के मौद्रीकरण का अवलोकन। प्रायोगिक सत्र / अध्ययन प्रकरण, पेटेंट खोज उपकरणों का व्यावहारिक परिचय, प्रारंभिक ड्राफ्टिंग अवधारणाएं एवं वास्तविक अध्ययन प्रकरणों पर चर्चा की गई। हैंड्स-ऑन / गतिविधि सत्र, पेटेंट खोज का व्यावहारिक अभ्यास, विचार से पेटेंट ड्राफ्ट तक अभ्यास, ट्रेडमार्क खोज गतिविधि, समूह आधारित अध्ययन प्रकरण चर्चा की गई तथा छात्रों के लघु प्रोजेक्ट का अवलोकन किया गया।